13/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इस्लामाबाद को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि पाकिस्तान में अब कोई जगह नहीं बची है जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। उन्होंने कहा कि भारत के पास आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर खत्म करने की क्षमता है। श्री मोदी ने पंजाब के आदमपुर वायुसेना स्टेशन पर वायु सेना के जांबाजों और जवानों से बातचीत करते हुए यह बात कही। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान में नौ आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर दिया है और 100 से अधिक आतंकवादियों का सफाया कर दिया है। उन्होंने कहा कि जिस पाकिस्तानी सेना पर ये आतंकवादी निर्भर थे, उसे भारतीय सशस्त्र बलों ने हरा दिया है।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है। कल शाम राष्ट्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि दुनिया ने भारत की क्षमताओं को देखा है और यह स्पष्ट है कि आतंकवादियों को अब बख्शा नहीं जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि भारत आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से संबंधित मुद्दों को छोड़कर पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह की चर्चा में शामिल नहीं होगा।

0000000000000000000000

एक ऐतिहासिक कदम के तहत, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज **'कैबिनेट आपके द्वार'** पहल के तहत अंजाव जिले की अंतिम सीमा चौकी किबिथु में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की। मंत्रिमंडल ने शि-योमी जिले में पांच जलविद्युत परियोजनाओं - **तातो I**, **हेओ**, **तातो II**, **नायिंग** और **हिरोंग** को लागू करने के लिए NEEPCO के साथ एक संयुक्त उद्यम कंपनी के गठन को मंजूरी दी। इनमें से, **तातो I** और **हेओ** को पहले ही आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCEA) की मंजूरी हासिल है और निर्माण शुरू होने को तैयार हैं। मंत्रिमंडल ने नई जलविद्युत नीति के तहत **मेसर्स दिरांग एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड** को 144 मेगावाट की गोंगरी जल विद्युत परियोजना भी बहाल कर दी। बैठक के तहत शिक्षा क्षेत्र में भी बड़े सुधारों को मंजूरी दी गई, जिसमें शिक्षकों के लिए संशोधित स्थानांतरण नीति और अरुणाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में 32 नए पदों का सृजन शामिल है।

0000000000000000000000

आज से 'ऑपरेशन सिंदूर' पर ग्यारह दिवसीय राष्ट्रव्यापी आउटरीच अभियान शुरू हुआ। तिरंगा यात्रा अभियान का उद्देश्य पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों की सफलता को उजागर करना है। इस सार्वजनिक कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन और भाजपा के प्रमुख नेता शामिल होंगे। इस बीच, मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश के नेताओं ने आज राज्य मंत्रिमंडल की बैठक से पहले अंजाव जिले के वालोंग में तिरंगा यात्रा में भाग लिया।

यात्रा का समापन वालोंग युद्ध स्मारक पर हुआ, जहां नेताओं ने 1962 के युद्ध में शहादत हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। इसमें मंत्रियों के अलावा सेना के जवान और स्थानीय समुदाय ने भी हिस्सा लिया।

000000000000000000000000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई ने 12वीं और 10वीं कक्षा के परिणामों की घोषणा कर दी है। इस वर्ष 12वीं कक्षा के 88.39 प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.41 प्रतिशत अधिक है। लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। ट्रांसजेंडर छात्रों ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की। इधर अरुणाचल प्रदेश में भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया, जहाँ लड़कों के 76.30 प्रतिशत के मुकाबले लड़कियों ने 81.55 प्रतिशत उत्तीर्णता दर्ज की है।

000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, पापुम पारे, कामले, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, लेपा रादा, दिबांग वैली, आंजाव, लोहित, नामसाई, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही सियांग, अपर सियांग और लोअर दिबांग वैली जिले के लिए ओरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज से बहुत तेज बारीश होने की संभवना है।

000000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिला स्थित बिलाता गांव के रहने वाले ट्रिम्स के सर्जन, डॉक्टर तागत ताग्गू ने आज उपायुक्त तायी ताग्गू एवं अन्य की मौजूदगी में अपनी लाइसेंस के साथ एक 12 बोर एसबीबीएल गन सरेंडर किया। गन सरेंडर करते हुए, डॉ. ताग्गू ने कहा कि इसके पीछे एकमात्र उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण के हित में और वन्यजीवों की हत्या को कम करना है। साथ ही लोगों को प्रकृति की सुरक्षा में उनकी भूमिका के लिए प्रेरित भी करना है।

0000000000000000000000

सोमवार को लोंगडिंग जिले के लोंगचान सर्कल के अंतर्गत ङिनू गांव में एक व्यक्ति पर पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई। कल राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने इस घटना की पुष्टि की। एक अलग घटना में, विभाग ने बताया कि 26 अप्रैल को क्रा दादी जिले में एक तूफान के कारण नौ कच्चे घर पूरी तरह से नष्ट हो गए, जबकि 16 अन्य को आंशिक नुकसान हुआ। छह झोपड़ियाँ भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं।

0000000000000000000000